तापमान
अधिकतम 43 .0 डिग्री
न्यूनतम 30 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 10 जून 2025

11 आसमान से बरस रही आग, गर्मी से लोग बेहाल



12 जीटी रोड पर रिक्शा वालों से परेशान वाहन चालक



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में दंपति सहित चार लोग घायल

**गोहाना।** दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेसवे पर उतरते समय एक वाहन को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। उनको हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। पंजाब के लुधियाना में सेक्टर 14 लेबर कालोनी में रहने वाले राज कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी कालोनी और हरगोबिंद नगर से कई व्यक्ति गुरुग्राम में शीतला माता के दर्शन करने गए थे। वे दर्शन करने वापस लौट रहे थे। जब उनका वाहन दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेसवे से गांव रुखी के निकट उतर रहा था तो सामने से गलत साइड से तेज रफ्तार में कार आई और उनके वाहन को टक्कर मार दी।

### कार ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**गोहाना।** गांव ककाना के निकट तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रोहतक में गांव धामड़ के युवक की मौत हो गई। गांव खानपुर कलां के संजय ने पुलिस को बताया कि वह और रोहतक में गांव धामड़ का देवेंद्र अपनी-अपनी बाइक पर खानपुर से धामड़ जा रहे थे। देवेंद्र उसकी बुआ का लडक़ा था। देवेंद्र उसके आगे-आगे बाइक पर चल रहा था। गांव ककाना के निकट पीछे से तेज रफ्तार काले रंग की कार ने देवेंद्र की बाइक को टक्कर मार दी।

### युवक अवैध शराब सहित गिरफ्तार, केस दर्ज

**खरखौदा।** पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित बवाना का रहने वाला रोहित है। जिसके खिलाफ खरखौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम गश्त पर थी। इस बीच सूचना मिली कि खरखौदा बाईपास किनारे बने एक प्लाट में एक कार खड़ी है, जिसमें अवैध शराब है। टीम ने कार्रवाई करते हुए प्लाट पर पहुंची तो वहां पर एक आल्टो कार खड़ी मिली, जिसके शीशे काले थे। कार की जांच की तो उसमें 35 पेटी देशी शराब मार्का संतरा, दस पेटी अंग्रेजी मार्का रेस व पांच पेटी देशी शराब मार्का मुरथल नंबर वन बरामद हुई।

### शिक्षकों का 5 दिवसीय शिविर का आरंभ

**गोहाना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में सोमवार को प्राइमरी शिक्षकों का 5 दिवसीय शिविर का आरंभ हो गया। शिविर का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी गोहाना (बीईओ) राजेन्द्र सिंह सांगवान ने किया। बीईओ ने कहा कि विभाग की एनईपी-2020 और एनसीएफ-2022 के अनुसार कक्षा 1 से कक्षा 5 तक बच्चों का बुनियादी ढांचा मजबूत करना आवश्यक है। इन कक्षाओं के बच्चों का अगर बुनियादी साक्षरता संख्यात्मक ज्ञान नहीं हो पाया तो वे अगली कक्षाओं में पिछड़ जाएंगे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में एसएमडीए की बैठक, सांसद, विधायक व मेयर मौजूद रहे

# सोनीपत के विकास के लिए 349 करोड़ मंजूर, रेवली में दशहरा ग्राउंड तैयार होगा, सेक्टर-4 में 14 एकड़ में बनेगा थीम पार्क

**स्मार्ट सिटी**

- सोनीपत में होगी एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र की स्थापना : सीएम
- सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर पार्क और अन्य परियोजनाओं को दी मंजूरी
- मुख्य सड़कों के सौंदर्यीकरण को प्रोजेक्ट मंजूर
- शहर की बढ़ती आबादी को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अब नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत रेवली गांव में रामलीला और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक भव्य दशहरा ग्राउंड तैयार किया जाएगा। जिसके लिए मुख्यमंत्री स्तर से मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा शहर के सेक्टर 4 में विश्वस्तरीय थीम पार्क को भी मंजूरी दी गई है। 14 एकड़ में प्रस्तावित इस थीम पार्क को प्राकृतिक और मनोरंजन से भरपूर वातावरण के लिये बनाया जाएगा। यह पार्क परिवारों और बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इन दोनों प्रोजेक्ट के अलावा कुछ मुख्य सड़कों सौंदर्यीकरण और शहर की बढ़ती आबादी को पेयजल आपूर्ति की दिशा में कई प्रोजेक्ट मंजूर किए गए हैं। सोनीपत में बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 349.8 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई। यह मंजूरी सोमवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में अधिकारियों, मंत्री, सांसद, विधायक, मेयर की उपस्थिति में हुई सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में दी गई। बैठक में विधायक निखिल मदान द्वारा उठाई गई कुछ मांगों पर मुहर लगी, वहीं मेयर राजीव जैन ने भी नगर निगम क्षेत्र के कई मुद्दों को रखा। जिसके संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक कृष्णा गहलावत, देवेंद्र कादियान भी मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल सोनीपत में विकास की अपार संभावनाएं हैं, इसके मद्देनजर हरियाणा सरकार ने सोनीपत में विकास को गति देने के लिए एसएमडीए का गठन किया था। आज चंडीगढ़ में हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के माध्यम से सोनीपत के आधुनिकीकरण व सौंदर्यीकरण पर जोर देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जो विकास कार्यों को मंजूर किया गया है, उनको लेकर विधायक निखिल मदान ने गत 4 जून को एसएमडीए सीईओ एस मोना श्रीनिवासन और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी। विधायक निखिल मदान ने उपरोक्त कार्यों को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया।



**सोनीपत।** चंडीगढ़ में सांसद,मंत्री, विधायक व अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री

### शहर का बुनियादी ढांचा मजबूत किया जाएगा

बैठक में प्राधिकरण ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में एक एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र की स्थापना एवं निगरानी को मंजूरी प्रदान की। आईसीसीसी सोनीपत जैसे बढ़ते शहर में शहरी बुनियादी ढांचे और सेवाओं के प्रबंधन के लिए एक केंद्रीय तंत्रिका केंद्र के रूप में काम करेगा। आईसीसीसी के प्रमुख घटकों में शहर-व्यापी निगरानी प्रणाली, स्मार्ट पार्कों और स्मार्ट सड़कों के लिए आईसीटी बुनियादी ढांचा, एक अनुकूलनीय यातायात नियंत्रण प्रणाली, यातायात प्रवर्तन प्रणाली, परिवर्तनशील संदेश संकेत, स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग, एक आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली और एक सार्वजनिक संबोधन प्रणाली शामिल हैं।

### मेयर ने दिए सुझाव

सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण की बैठक में नगर निगम मेयर राजीव जैन ने सुझाव दिया कि निगम क्षेत्र के गाँवो में लाल डोरा एवं फिरनी के बीच बसे मकानों को भी तोषी आबादी मानकर स्वामित्व योजना में शामिल किया जाये। गांवों में प्रॉपर्टी टैक्स की दरें संशोधित की जाएं। कच्चे क्वार्टर मार्किट के बाहर ईएसआई हॉस्पिटल वाले स्थान पर मल्टी लेवल पार्किंग बनाने की योजना तैयार की जाये। उन्होंने रायपुर, फाजिलपुर, लिवासपुर, जाट जोशी, अहमदपुर गांव में रेनीवेल का पानी उपलब्ध करवाने की मांग रखी। दूध की डेयरियां शहर से बाहर शिफ्ट करने की योजना सिरे चढ़ाई जाये, सेक्टर तीन में बनी ऑटो मार्किट में ऑटोमोबाइल दुकानदारों को दुकानें आबंटित की जाएं। उन्होंने नगर निगम के नए भवन के अधूरे पड़े निर्माण को दोबारा शुरू करवाकर पूरा करने का सुझाव भी दिया।

### इन कार्यों को किया गया मंजूर

- दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में 3 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को एसबीआर (सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर) प्रौद्योगिकी पर आधारित 7.5 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट में अपग्रेड करने को मंजूरी दी, जिसकी अनुमानित लागत 15.75 करोड़ रुपये
- यमुना नदी के पास बेघा गांव से गन्नौर शहर तक 10 एमएलडी रैनी वेल और राइजिंग मेन के निर्माण के लिए 35.50 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना को भी मंजूरी दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य गन्नौर और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को बढ़ाना
- सेक्टर-4 में स्टेडियम के पीछे नया थीम आधारित वेस्ट टू वंडर पार्क विकसित किया जाएगा : 26.38 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित इस पार्क में विभिन्न महाद्वीपों के विश्व प्रसिद्ध स्थलों का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिन्हें कलात्मक प्रतिष्ठानों में परिवर्तित अपशिष्ट और स्क्रैप सामग्री का उपयोग करके बनाया गया
- शहर में यातायात की भीड़ को कम करने के लिए, विशेष रूप से बहालगढ़ रोड पर, प्राधिकरण ने 26.86 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सेक्टर 29/7, 28/6 और 4/5 को विभाजित करने वाली सड़क को चौड़ा करने की मंजूरी दी। इस परियोजना में मौजूदा 7 मीटर चौड़े कैरिजवे को 14 मीटर चौड़े दोहरे कैरिजवे में विस्तारित करना शामिल होगा।

# एफसीआई मैनेजर 30 हजार रिश्वत लेता गिरफ्तार

- साथी कर्मचारी का तबादला करने व ओवरटाइम भत्ता दिलवाने के लिए ले रहा था घूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) सोनीपत की टीम ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गोहाना में तैनात डिपो मैनेजर को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मैनेजर ने अपर डिवीजन क्लर्क (यूडीसी) से तबादला करने व ओवरटाइम भत्ता दिलवाने की एवज में रुपये की मांग की थी। एफसीआई में कार्यरत क्लर्क विपिन चहल ने एसीबी को शिकायत दी थी कि वह बरोदा में एफसीआई गोदाम में तैनात है और उनका गोहाना एफसीआई कार्यालय तबादला होना था। उन्होंने बताया कि तीन माह पहले ही वह भारतीय खाद्य निगम, सफीदों, जींद से भारतीय खाद्य निगम, गोहाना में तबादला होकर आए थे। डिपो मैनेजर धर्मेंद्र कटारिया ने अब उनका तबादला भारतीय खाद्य निगम बरोदा, सोनीपत कर दिया था। धर्मेंद्र कटारिया दोबारा उनका तबादला बरोदा से गोहाना करने व उनका ओवरटाइम भत्ता पास करने की एवज में उनसे 30 हजार रिश्वत की मांग कर रहा है। उनके ओवरटाइम भत्ता के करीब 60 हजार रुपये बकाया है शिकायत पर एसीबी सोनीपत की टीम का गठन किया गया। जिसमें इंस्पेक्टर सचिव कुमार व जगजीत सिंह को शामिल किया गया। आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने को टीम ने गोहाना कार्यालय के आसपास निगरानी बढ़ा दी। जब आरोपी डिपो मैनेजर ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम ली तो एसीबी टीम ने उसे मौके पर रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी की टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत की रकम बरामद कर ली है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।



**सोनीपत।** एसीबी की गिरफ्त में आरोपी एफसीआई प्रबंधक।

## ई-उपचार सॉफ्टवेयर में आई तकनीकी खराबी, मरीज बेहाल



**सोनीपत।** जिला नागरिक अस्पताल में सोमवार को ई-उपचार सॉफ्टवेयर करीब एक घंटे तक बंद रहने के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सॉफ्टवेयर बंद होने से पंजीकरण काउंटर, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, रक्त जांच लैब, कंप्यूटर सिस्टम और रिपोर्ट वितरण का काम पूरी तरह ठप हो गया। रजिस्ट्रेशन काउंटर के सामने सैकड़ों मरीज लंबी लाइन में खड़े रहे है। तकनीकी खराबी दूर होने के बाद मरीजों व अस्पताल कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

...विस्तृत समाचार पेज 12 पर

## खरखौदा के राम चौक में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

**खरखौदा।** भीषण गर्मी के चलते सोमवार सुबह करीब 5 बजे राम चौक क्षेत्र में बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हो गया और आग लग गई। गर्मी के मौसम में बिजली की अधिक खपत और ओवरलोडिंग या फिर ढीले तारों के कारण यह हादसा हुआ। आग लगते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी और अपने स्तर पर आग पर काबू पाया। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर जले हुए तारों व मीटर को बदलने का काम शुरू किया।

गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। लगातार बढ़ती गर्मी और बिजली की मांग के चलते इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं।

## ट्रांसफर व बिजली के तार चोरी, केस

**सोनीपत।** जिले में चोरी की वारदातें कम होने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने अलग-अलग स्थानों से बाइक, ट्रांसफार्मर और बिजली के तार चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। गांव राठधाना निवासी सागर ने बताया कि वह स्वतंत्रता सेनानी पार्क में आया था। बाइक को बाहर खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी। सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं गांव निरथान निवासी राजेंद्र ने बताया कि उसने अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था। किसी ने बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सदर थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं तिहाड़ मलिक गांव में चोरों ने करीब 1890 मीटर बिजली की तार और तीन ट्रांसफार्मर चोरी कर लिए। भटगांव सब स्टेशन के जेई सूरज कुमार ने मोहाना थाना पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने कुलदीप, हरबीर और रामचंद्र पर चोरी करने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वाहन चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार, केस

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में फ्लैट के सामने खड़ी गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवीन उर्फ रिंकू निवासी नाथूपुर व जतिन निवासी गोछी झज्जर हाल में शीतल नगर रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।एक महिला ने कुंडली थाने में शिकायत देकर बताया कि उसकी गाड़ी फ्लैट के सामने खड़ी थी। अगले दिन उठकर देखा तो गाड़ी गायब मिली। सीसीटीवी की जांच की तो गाड़ी चोरी करते हुए पाया गया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी कर 94 गैस सिलेंडर पकड़े

## गैस की कालाबाजारी कर रहा था आरोपी



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित टीम के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- आरोपी पर केस दर्ज, पुलिस ने मामले की जांच की शुरू

कुंडली के प्याऊ मनियारी स्थित जैन कॉलोनी में किराए के मकान में गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी की जा रही थी। सूचना मिलने के बाद सोमवार शाम को मुख्यमंत्री उडऩदस्ता, खुफिया विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने छापा डालकर 94 गैस सिलिंडर बरामद किया गया। आरोपित के खिलाफ कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम को कुंडली के प्याऊ मनियारी में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी किए जाने की जानकारी मिली रही थी। जिस पर टीम ने निरीक्षक बिजेंद्र, एएसआई राजेश, खुफिया विभाग से एएसआई कमलजीत, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक प्रवीण व उप निरीक्षक अजय मलिक और थाना प्रभारी कुंडली राजू संधू के साथ छापा डाला। टीम ने जैन कॉलोनी में मूलरूप से बिहार के संतोष के किराए के मकान पर छापा डाला तो वहां गैस सिलेंडर का जखीरा मिला। टीम को 30 घरेलू गैस सिलिंडर मकान के अंदर, 34 घरेलू गैस सिलेंडर गाड़ी के अंदर से व 24 घरेलू और छह कमर्शियल गैस सिलिंडर एक अन्य कमरे से बरामद किए गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई पवित्र सिंह ने बताया मामले की जांच चल रही है।

# बस डिपो के बेड़े में शामिल हुई चार नई बसें, ट्रायल के लिए बड़ौत रूट पर भेजी, फास्टैग बनने के बाद यात्रियों को ले जाएंगी शिमला

- फास्टैग बनने के बाद दो बसों को सुजानपुर व दो बसों को शिमला रूट पर चलाया जाएगा। लंबी दूरी की यात्रा पर जाने वाले लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बस डिपो सोनीपत में भेजी चार नई बसों को प्रबंधन की तरफ से ट्रायल के तौर पर बड़ौत रूट पर चलाया जा रहा है। बेड़े में शामिल हुई बसों के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से फास्टैग नहीं बने है। फास्टैग बनने के बाद उक्त बसों को लंबे रूट, शिमला, सुजानपुर रूट पर दैनिक यात्रियों के लिए सोनीपत वाया दिल्ली के लिए चलाया जायेगा। प्रबंधन की तरफ से कागजी प्रक्रिया को पूरा करने का कार्य किया जा रहा है।

बता दें कि कोरोना काल के बाद फरवरी 2022 में सोनीपत-शिमला रूट पर रोडवेज बस का संचालन शुरू किया था। अब यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए 20 दिन से शिमला रूट पर एक अतिरिक्त बस चलाई जा रही है। लोगों को सोनीपत वाया दिल्ली से आरामदायक सफर मुहैया हो, इसके लिए शिमला रूट पर पुरानी बसें चलाई जा रही है। सोनीपत डिपो से शिमला के लिए पहली बस सुबह 5 बजे रवाना होती है।

यह बस दिल्ली आईएसबीटी होते हुए शिमला शाम चार बजे पहुंचती है। उसके बाद रोडवेज बस सुबह 6:50 बजे सोनीपत से रवाना होती है। यह भी बस आईएसबीटी दिल्ली होते हुए शाम छह बजे शिमला पहुंचती है। हाल में 26 मई को बेड़े में चार नई बसें शामिल हुई है। इन बसों को पासिंग प्रक्रिया के बाद ट्रायल के लिए बड़ौत रूट पर चलाया जा रहा है। साथ ही इन बसों को लंबे रूट पर भेजने से पहले एनएचएआई से फास्टैग के लिए आवेदन किया। फास्टैग बनने के बाद दो बसों को सुजानपुर व दो बसों को शिमला रूट पर चलाया जाएगा। लंबी दूरी की यात्रा पर जाने वाले लोगों को काफी फायदा होगी।



### यात्रियों को दे रहे बेहतर सेवाएं

बस डिपो के बेड़े में चार नई बसें शामिल हुई है। बसों को पासिंग प्रक्रिया के बाद बड़ौत रूट पर ट्रायल के लिए चलाया जाने लगा है। बसों के फास्टैग बनाने की प्रक्रिया अमल में लाई गई है। टैग बनने के बाद उक्त बसों को शिमला व सुजानपुर रूट पर चलाया जाएगा। जिससे यात्रियों को काफी फायदा होगा।

-**संजय कुमार**, महाप्रबंधक, सोनीपत डिपो



फादर्स-डे, 15 जून स्पेशल

# नए दौर के केयरिंग-लविंग पापा

कवर स्टोरी
नयनतारा

वह दौर गया जब परिवार में पिता की बहुत सख्त छवि हुआ करती थी। बच्चों की परवरिश पर वह ज्यादा ध्यान नहीं देते थे, यह जिम्मेदारी मां की होती थी। आज के पापा अपने बच्चों की जिम्मेदारी बहुत खूबसूरती ने निभा रहे हैं। वे अपनी पारंपरिक छवि से बाहर आकर एक संवेदनशील गाइड के रूप में दिख रहे हैं। आज के पापा अपने बच्चों की भावनात्मक जरूरतों को समझते हैं। आज के केयरिंग पापा, बच्चों के करियर के प्रति भी कॉन्शस हैं। वह उनके सर्वांगीण विकास में अपना अहम योगदान दे रहे हैं।

आज के समय में पिता की पारंपरिक भूमिकाएं कुछ दशकों पहले के मुकाबले बहुत बदल गई हैं। आज के पिता अपने बच्चों के केवल पालक या उन्हें अनुशासन में रखने वाले भर नहीं, अपने बच्चों के जीवन में भावनात्मक, बौद्धिक और सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और मजबूत बनाने वाले मेंटर हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आज के पिता अपने बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा ही नहीं कर रहे, उनका व्यक्तित्व निर्माण भी कर रहे हैं।

**पारंपरिक जिम्मेदारियों से बहुत आगे :** कुछ दशक पहले तक जहां पिता का काम मुख्य रूप से परिवार का पालन-पोषण और उसे आर्थिक रूप से सुरक्षित करना होता था, वह काम तो आज भी पिता के जिम्मे है, लेकिन अब उनकी भूमिकाएं इस पारंपरिक जिम्मेदारी से काफी हद तक आगे बढ़ चुकी हैं। आज के पापा अपने बच्चों के स्कूल प्रोजेक्ट में हेल्प करते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई का ध्यान रखते हैं, इस पर अपना जरूरी दखल देते हैं, पैरेंट्स टीचर मीटिंग में शामिल होते हैं, बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य से लेकर उनके मानसिक स्वास्थ्य तक की परवाह करते हैं।

**एक संवेदनशील गाइड का रोल:** आज के पापा अपने बच्चों के पालन-पोषण के साथ उनके सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। इस वर्ष 15 जून को मनाए जाने वाले फादर्स-डे की इस साल थीम भी कमोबेश यही है। इस साल की थीम, 'फादर्सः नर्चरिंग रिलेशन एंड टैपिंग फ्यूचर' यानी बच्चों का लचीलेपन के साथ पोषण करते हुए उनके भविष्य को आकार देना है। अगर कहा जाए कि इस थीम को भारत के



महानगरों में ही नहीं बल्कि छोटे और मझोले शहरों में भी पहले से ही, आज के पापाओं ने अपना लिया है, तो इसमें कोई दो राय नहीं होगी। मसलन, आज के पिता पारंपरिक पिताओं की तरह घर में अनुशासन सिखाने वाले वट वृक्ष नहीं हैं, उनकी भूमिका एक संवेदनशील गाइड के रूप में उभर रही है। जबकि कुछ दशक पहले तक हमारे पारंपरिक पिता कठोर अनुशासन के प्रतीक हुआ करते थे। आज के पापा अपने बच्चों की भावनाओं को सुनते हैं, उनसे खुले रूप में संवाद करते हैं और उनकी पसंद-नापसंद पर ध्यान देते हैं। इन सबके साथ ही आज के पापा बच्चों की भौतिक के साथ-साथ भावनात्मक जरूरतों को भी समझते हैं।

### घरेलू कामों में सक्रिय भागीदारी

**बीते दौर** में पिता अपनी भूमिकाओं को घर के बाहर के कामों तक ही सीमित रखते थे, जबकि आज के पिता घरेलू कामों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे खाना बना रहे हैं, बच्चों को मांओं की तरह लिखा-पढ़ा रहे हैं, उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार कर रहे हैं, कई बार स्कूल छोड़ने और लाने भी जाते हैं। आज के पापा ये काम हंसी-खुशी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आज के दौर के पापा घर के किसी विशेष आयोजन में साफ-सफाई से लेकर किचन तक की भूमिकाओं में सहयोग करने को तत्पर रहते हैं। अब पापा पहले जैसे घर के बाहर ही काम करने वाले नहीं रहे।



**बच्चों के करियर के प्रति कॉन्शसः** आज के पापा बच्चों के करियर पर भी ध्यान देते हैं, उनकी पसंद-नापसंद यानी उनकी हॉबी को विकसित करने में, उनमें उसे विशेष पारंगत बनाने में भी जो संभव भूमिका होती है, उसे निभाते हैं। यही नहीं वे बच्चों की आत्मनिर्भरता को गंभीरता से लेते हैं। पहले के पिता बच्चों पर अकसर अपने सपने थोप देते थे, जबकि आज के पिता अपने बच्चों के सपनों को महत्व देते हैं। अगर उनके बच्चे पारंपरिक करियर से हटकर किसी ऐसे करियर में रुचि दर्शाते हैं, जो अभी तक बहुत सफल और स्पष्ट नहीं, तो आज के पिता उनके इस जोखिम पर भी साथ खड़े होने की हिम्मत दिखाते हैं।

**नई तकनीक सीखने में कोई हिचक नहीं:** आज के पापा अब डिजिटल दुनिया में बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की कोशिश करते हैं। जबकि कुछ दशक पहले तक बच्चे और उनके पिता तकनीक के मामले में अलग-अलग दौर में जीते थे। कुछ दशक पहले तक पिता बड़ी आसानी से यह बात स्वीकार कर लेते थे कि नए जमाने की तकनीक से उनका क्या लेना-देना है? यह बच्चों की जरूरत है, उन्हें ही इसकी जानकारी रखनी चाहिए। जबकि आज के पापा न सिर्फ नए जमाने की तकनीक पर दिलचस्पी लेते हैं बल्कि वे इस पर दक्षता भी हासिल करते हैं ताकि अपने बच्चों को भी इसमें दक्ष बना सकें या उनके साथ उनके स्तर पर बर्ताव कर सकें। यही कारण है कि सोशल मीडिया, गेम्स और इंटरनेट से जुड़ी आज की अभिरुचियां बच्चों और उनके पापाओं में किसी हद तक साझी हो चली हैं। आज के पापा अपने बच्चों को रिस्पॉन्सिबल डिजिटल सिटीजन बनने में उनको अपनी गाइडेंस देते हैं।

**को-पैरेंटिंग में यकीन:** आज के पिता पालन-पोषण को सिर्फ बच्चों की मांओं की जिम्मेदारी नहीं समझते बल्कि को-पैरेंटिंग के विचार पर यकीन रखते हैं। इसलिए आज माता-पिता दोनों मिलकर बच्चों की जिम्मेदारी उठाते हैं। यही कारण है कि पिता अब समान रूप से एक जिम्मेदार अभिभावक बन चुके हैं। विशेष रूप से सिंगल फादर या स्टे एट होम डैड की संज्ञा दिनों दिन बढ़ रही है। इसलिए माना जाता है कि भारत में पिता की भूमिकाएं कुछ दशक पहले तक के पिता की भूमिकाओं से काफी हद तक बदल गई हैं।

**पापा और बच्चे दोनों जाहिर कर रहे हैं अपनी फीलिंग्सः** भारत में पिताओं के स्वभाव और उनकी इस सोच में परिवर्तन लाने में किसी हद तक फादर्स-डे की भी अपनी भूमिका है। हालांकि पश्चिम की तरह भारत में फादर्स-डे कोई त्योहार नहीं है, लेकिन यह मानने में कतई गुरेज नहीं करना चाहिए कि आज के शहरी भारत में फादर्स-डे जैसे स्पेशल डे की अपनी एक संवेदनशीलता है। यही वजह है कि हमारी पारंपरिक संस्कृति में फादर्स-डे न होते हुए भी आज के भारत में यह बड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बच्चे आजकल फादर्स-डे का बड़े उत्साह के साथ इंतजार करते हैं। हमारे देश के बच्चे भी पश्चिमी देशों के बच्चों की तरह अपने पापाओं को इस दिन कार्ड देते हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से संदेश देते हैं, शुभकामनाएं देते हैं और पापाओं के प्रति अपने प्रेम-स्नेह को प्रकट करते हैं। जबकि पहले हमारे यहां का चलन यह था कि न तो पिता, इस बात को जाहिर होने देते थे कि वे अपने बच्चों को बहुत प्यार करते हैं और न ही बच्चे सार्वजनिक रूप से यह दिखाते थे कि वे अपने पिता का बहुत आदर-सम्मान करते हैं।

**फादर्स-डे की उपयोगिता:** पिछले एक-दो दशक में सिर्फ शहरी भारत की लाइफस्टाइल ही तेजी से नहीं बदली, बल्कि समग्रता में बहुत-सी नई और अनुकरणीय पश्चिमी बातों को भी हमारा शहरी समाज खुले दिल से स्वीकार कर रहा है। यही कारण है कि अब फादर्स-डे एक सम्माननीय दिन बन चुका है और यह हमारे बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत लाभकारी भी साबित हुआ है।

---

बहुत अनमोल होता है, पिता-बेटी का रिश्ता। जहां बेटी के लिए पिता शीतल छाया, उसके जीने की राह होते हैं, वहीं लाडली बेटियां भी अपने पिता की मुस्कान, अभिमान होती हैं। पिता के लिए बेटियां ईश्वर की सबसे बड़ी नियामत, उनके जीवन की सुगंध होती हैं। पिता-बेटी के प्यारे-सलोने रिश्ते को रेखांकित करता आलेख।



# बहुत प्यारा-न्यारा होता है पिता-बेटी का रिश्ता

भीने-मीठे एहसास
श्रुति आयंगर

बहुत प्यारा, बहुत न्यारा होता है पिता-बेटी का रिश्ता, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, बस एहसास किया जा सकता है। जब पहली बार नन्ही-सी परी अपने पिता की गोद में आती है, तो एक नासमझ-सा युवा अचानक बहुत समझदार-जिम्मेदार हो जाता है। जब वह अपनी नन्ही बिटिया को गोद में लेता है तो उसे इस बात का बोध होता है, जिंदगी के हर मोड़ पर उसे अपनी गुड़िया के साथ खड़े रहना है, साथ निभाना है। उसकी हर खुशी का ख्याल रखना है। हर लड़की अपने पापा की प्यारी-प्रिंसेस होती है। पिता-बेटी के अनमोल रिश्तों के एक नहीं कई पहलू हैं।

**बहुत अलग है केमिस्ट्री-बॉन्डिंग:** पिता-बेटी के बीच ऐसी खूबसूरत केमिस्ट्री-बॉन्डिंग होती है, जिसे और कोई नहीं समझ सकता है, बस वे दोनों ही समझ सकते हैं। एक बेटी अपने पिता की बात जितनी जल्दी जान पाती है, उतना दूसरा कोई नहीं। तभी तो सब कहते हैं कि पापा के दिल के सबसे करीब होती है उनकी प्यारी बिटिया। हर लड़की अपने पिता की छत्रछाया में खुद को सुरक्षित महसूस करती है।



**पापा हैं सुपरमैन:** हर बेटी की नजरों में उसके पापा किसी सुपरमैन से कम नहीं होते। उनके पास हर मुश्किल का जादुई हल होते हैं। चाहे वो टूटे खिलौने को जोड़ना हो या फिर बिटिया का बिगड़ा मूड ठीक करना हो या मम्मा की डांट से बचाना हो या मम्मी से छुपाकर बेटी को अपनी फेवरेट चॉकलेट, आइसक्रीम खाना हो, पापा इन सभी कामों को मजे से अंजाम देते हैं। पापा ऑफिस के तनाव में भी अपनी गुड़िया की बातें सुनते हैं, उसकी हर शरारत में उसके साथी बन जाते हैं। अपनी बेटी की मुस्कान उनके लिए सबसे बड़ी नियामत होती है। बेटी के लिए पापा सब कुछ करने को तैयार रहते हैं। उसकी हर एक फरमाइश को पूरा करते हैं। यही तो होता है-रियल सुपरमैन। जब नन्ही बिटिया के गिरने पर उसे चोट लगती है, तो वह यही सोचती है, 'डोंट वरी, पापा हैं ना, फूंक मार देंगे, तो सब ठीक हो जाएगा।' और वाकई पापा के ऐसा करने पर बिटिया अपनी चोट भूल जाती है, दर्द उड़न-छू हो जाता है।

**बेस्ट फ्रेंड होते हैं पापा:** बेटी जब धीरे-धीरे बड़ी होती है, पापा उसके लिए सिर्फ पिता नहीं होते, बेस्ट फ्रेंड हो जाते हैं। जब तब आराम से बैठकर घंटों बातें करते हैं, स्कूल-कॉलेज के किस्से सुनाते हैं। अपने डर और सपने बताना है या या कोई खुशी या दुख जाहिर करना है, ये सब बातें बेटियां बेझिझक अपने पापा से ही शेयर करती हैं। उनका सच्चा बेस्ट फ्रेंड अगर कोई है तो वो पापा ही होते हैं। वे ऐसे फ्रेंड होते हैं, जो ना जज करते हैं, ना नाराज होते हैं, ना कभी धोखा देते हैं। पापा अपनी बेटी के मन की बातें बिना कहे की समझ जाते हैं।

**प्रेरणास्रोत हैं पापा:** बचपन में जब बेटी चलना सीखती है, तो पापा उसकी अंगुली थामे रहते हैं, चलना सिखाते हैं। फिर पूरी जिंदगी यही अंगुली राह दिखाती है- कभी सलाह बनकर तो कभी हौसला बढ़ाकर। बेटी के लिए पापा सिर्फ एक अभिभावक नहीं होते, उसके सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत होते हैं, जो उसे कभी हार नहीं मानने देते हैं। अपनी लाडली की सबसे बड़ी ताकत बन जाते हैं पापा।

### सच्चा और अटूट रिश्ता

पिता-बेटी का रिश्ता वक्त के साथ कभी बदलता नहीं है। पिता-बेटी का रिश्ता शब्दों का भी मोहताज नहीं होता है। बचपन में बेटी की पहली मुस्कान से लेकर उसके हर सपने तक, विवाह तक, पापा हर मोड़ पर उसके साथ रहते हैं। वक्त गुजरता है, बेटी बड़ी हो जाती है, जिम्मेदारियां बदल जाती हैं- पर पिता का प्यार उसकी परवाह और उसका रिश्ता वैसा का वैसा रहता है, हमेशा एक जैसा, सच्चा और अटूट।

---

बॉन्डिंग
अलका 'सोनी'

मां का प्यार तो खिली धूप जैसा प्रकट दिखता है, महसूस होता है, जबकि पिता का प्यार शीतल छाया की तरह हमेशा पास होकर भी अदृश्य रहता है। लेकिन कठिन समय में वही छाया संतान के लिए सुरक्षा कवच बन जाती है।

# प्यार तो करते हैं पर जताते नहीं पापा

मां के प्यार को तो अकसर शब्द, स्पर्श और आंसुओं में ढूंढ़ लिया जाता है, लेकिन पिता का प्यार, अकसर मौन होता है, गहरा होता है और छुपा होता है। वह प्यार जो न लोरी बनता है, न गले लगकर बहता है, लेकिन अपनी संतान की हर छोटी-बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए हमेशा उपस्थित होता है। सच, हम सबके पापा ऐसे ही होते हैं, जो जताते नहीं, फिर भी सबसे अधिक प्यार करते हैं।

### प्रतीकों में प्रकट होता प्यार

पिता अपनी भावनाओं को शब्दों से नहीं, प्रायः प्रतीकों में और मौन गतिविधियों से व्यक्त करते हैं। सर्दी की ठिठुरती रात में वे आधी रात को अकसर उठकर चुपचाप आपको कंबल ठीक से ओढ़ा जाते हैं। आपके बीमार होने पर जब तक आपको नींद नहीं आ जाती बेचैनी से चहलकदमी करते रहते हैं या आपके सिरहाने बैठ जाते हैं। आपके कॉलेज ट्रिप पर जाने की सूचना मिलने पर आपसे डायरेक्ट नहीं लेकिन मां के जरिए आपको कुछ एक्स्ट्रा पैसे दिलवाते हैं



कि उनकी बिटिया को सफर में कोई परेशानी न हो। ऐसा वो और बहुत कुछ करते रहे हैं और जब भी मौका मिलता है, आज भी करते हैं।



### याद करें वो लम्हे

अगर याद करें तो अतीत में बिताए ऐसे कई लम्हे याद आ जाएंगे, जब पिता हमारे आस-पास रहकर चुपचाप हमारी केयर करते थे। जब आप पहली बार साइकिल चलाना सीखने की कोशिश में बार-बार गिर रही थीं, तब पापा ने ही साइकिल को पीछे से पकड़कर आपको संतुलित होना सिखाया था। लेकिन कभी जताया नहीं कि वह इस बात को लेकर कितना चिंतित रहते थे कि कहीं गिरकर आपको चोट न लग जाए। या स्कूल का वो पहला दिन, जब मां ने तो आंखें पोंछकर आपको विदा किया था लेकिन पापा स्कूल के गेट के पीछे से आपको तब तक देखते रहे थे, जब तक आप क्लासरूम में नहीं चली गई थीं। यह भी याद आएगा आपको कि जब किसी प्रतियोगिता में आप हारकर निराश हो गई थीं, तब पापा ने पीठ थपथपा कर कहा था, 'बेटा, कोशिश करना मत छोड़ना। तुम जरूर जीतोगी।' आपका तो हौसला बढ़ा दिया लेकिन आपकी निराशा को अपने भीतर लेकर कई दिन अनमने से बिताए थे।

### जिम्मेदारियों तले दबा स्नेह


कई बार शांत दिखते समंदर के भीतर लहरों की हलचल भरी रहती है। ठीक उसी तरह ऊपर से चुप्पी साधे पिता के मन में भी हमारे लिए आगाध चिंता और प्यार छिपा होता है। जरूरत होती है बस, उस भाषा को समझने की। वास्तव में पिता की बेशुमार जिम्मेदारियां ही होती हैं, जो उनको बाहरी रूप से कठोर बना देती हैं। वे हमारी चिंता करते हैं, भविष्य बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की सोचते हैं, लेकिन बिना किसी को प्रकट किए। ऐसा इसलिए कि शायद उन्हें लगता है कि उनका भावुक होना, उनके बच्चे को कमजोर कर देगा। वास्तव में उन्हें एहसास होता है कि उनकी छाया में उनके बच्चे हर तपिश से सुरक्षित हैं। इसीलिए वे अपने हर त्याग को हंसते हुए छुपा लेते हैं। सच, पिता बनने के बाद उनका जीवन अपनी संतान को ही समर्पित हो जाता है।

---

डाइट सजेशन
ललिता गोयल

# अपनाएं सही डाइट प्लान बढ़ती एज में पापा रहेंगे हेल्दी


हर बेटी चाहती है कि उसके पिता का साया उसके सिर पर हमेशा बना रहे, उसके पिता हमेशा हेल्दी और फिट रहें। लेकिन बढ़ती उम्र के साथ हेल्दी और फिट रहने के लिए अन्य बातों के अलावा जरूरत होती है सही डाइट प्लान फॉलो करने की।



**लो फैट फूड्सः** उम्र बढ़ने के साथ पाचन क्रिया धीमी पड़ने लगती है। ऐसे में शरीर को फैट पचाने में कठिनाई होने लगती है। साथ ही हाई फैट वाली चीजों को खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है और दिल की बीमारियों का रिस्क भी बढ़ता है। इसके अलावा इससे कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए बेटियां ध्यान रखें कि उम्र बढ़ने के साथ उनके पिता लो फैट वाले फूड्स का ही सेवन करें।

**प्रोटीन है जरूरीः** डाइट में प्रोटीन का होना बेहद जरूरी होता है। दरअसल, 50 से 60 की उम्र के बीच मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इसी वजह से हाथ-पैर में दर्द, हड्डियों से जुड़ी बीमारियां होने लगती हैं। इसलिए इन तमाम परेशानियों से बचे रहने के लिए डाइट में प्रोटीन से भरपूर फूड्स जैसे सोया मिल्क, टोफू, दूध, दही, पनीर और कुछ ड्राई फ्रूट्स शामिल करने चाहिए। आपकी पहली प्राथमिकता प्लांट बेस्ड प्रोटीन की होनी चाहिए, इसके अलावा मीट, चिकन, अंडे, फिश और सूखे मेवे का सेवन भी करवाया जा सकता है।

**ओमेगा 3 फैटी एसिडः** अपने पापा को ब्रोकली, कैबेज, हरी पत्तेदार सब्जियां, अखरोट, स्प्राउट्स, ग्रीन टी, बेरीज आदि का सेवन जरूर कराना चाहिए। इन सभी में ओमेगा 3 फैटी एसिड भी होता है, जो दिल की बीमारियों और कैंसर से बचाव करने में भी मदद करता है। ओमेगा 3 फैटी एसिड के सेवन से आंखें स्वस्थ रहती हैं। साथ ही यह अल्जाइमर यानी कि भूलने की बीमारी, इनसोमनिया (नींद ना आना), चिंता और अवसाद जैसे कई मानसिक रोगों से भी बचाता है।



**फाइबर है जरूरीः** बढ़ती उम्र में आपको अपने पापा की डाइट में ऐसी सब्जी और फलों को शामिल करना होगा, जिनमें प्रचुर मात्रा में फाइबर मौजूद हो। फाइबर के जरिए ही कोलेस्ट्रॉल लेवल और ब्लड प्रेशर को संतुलित रखा जा सकता है।

**विटामिन और कैल्शियमः** बढ़ती उम्र के लोगों में हड्डियों को हेल्दी रखने के लिए कैल्शियम, और विटामिन डी की आवश्यकता होती है। कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों जैसे दूध, हरी पत्तेदार सब्जियां, मछली आदि का सेवन पापा को करवाएं। विटामिन डी के स्रोतों में फैटी मछली, जैसे सैल्मन और अंडे आदि का सेवन करने को कहें।

(डाइटिशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)

---

केयर
रजनी अरोड़ा

याद कीजिए, बचपन या किशोरावस्था में जब कभी आप किसी बात पर रूठ जाती थीं तो पापा ही सबसे पहले मनाने आते थे। आपको कभी अकेले या गुमसुम नहीं रहने देते थे। तो अब वृद्धावस्था में अगर वे अपने आपको एकाकी महसूस करते हैं तो आपको उन्हें अपने प्यार-स्नेह का संबल जरूर देना चाहिए।

# एकाकी पिता को दें अपने प्यार-स्नेह का संबल

एक मजबूत और जिम्मेदार इंसान के तौर पर जिंदगी के हर मोड़ पर बच्चों की अच्छी परवरिश और कामयाब इंसान बनाने के लिए पिता सशक्त स्तंभ की भूमिका निभाते हैं। लेकिन ढलती उम्र में एक ओर जहां वे रिटायरमेंट के बाद खालीपन के फेज से गुजर रहे होते हैं, तो इसके साथ ही बच्चों के उच्च शिक्षा या करियर के लिए देश-विदेश बस जाने या फिर जीवनसंगिनी के साथ छोड़ जाने का दर्द भी उन्हें झेलना पड़ता है। ऐसे में कई बार एकाकी जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं।

**एकाकीपन के कारणः** सेवानिवृत्ति के बाद बढ़ती उम्र में एकाकीपन के कई कारण हो सकते हैं। पार्टनर के साथ छोड़ जाने का दुख, गतिशीलता में कमी और कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ब्रेन की फ्लेक्सिबिलिटी यानी न्यूरोप्लास्टिसिटी कम हो जाती है, जिससे डिमेंशिया, अल्जाइमर जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सामाजिक सहभागिता कम होने और भावनात्मक अभिव्यक्ति न कर पाने की वजह से वो निराशा या कई तरह के मनोविकारों से घिर जाते हैं और खुद को अकेलेपन में समेट लेते हैं।



प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक अब्राहम मास्लो की नीड थ्योरी के अनुसार, इंसान को सिर्फ मूलभूत शारीरिक जरूरतें ही नहीं, बल्कि इमोशनल सिक्योरिटी, आत्मसम्मान और संबंधों में आत्मीयता, सहभागिता की भी जरूरत होती है। अकेले रह रहे पिता इन जरूरतों को और गहराई से महसूस करने लगते हैं। जब ये जरूरतें पूरी नहीं होतीं, यानी बच्चे उनके साथ संपर्क बनाकर नहीं रखते, तो मेंटल हेल्थ प्रभावित होती है।

**बेटी से होता है ज्यादा जुड़ावः** वैज्ञानिक मानते हैं कि बेटियां अपने पिता के साथ भावनात्मक रूप से अधिक जुड़ी होती हैं। एमोरी यूनिवर्सिटी, अमेरिका की एक रिसर्च के अनुसार बेटियां भावनात्मक रूप से ज्यादा संवेदनशील और केयरिंग होती है। बेटियां पिता की भावनाओं, मूड और व्यवहार को बेहतर समझती हैं। उनकी बातों को इत्मीनान से सुनकर रिस्पोंड करती हैं और इमोशनल बॉन्डिंग बना लेती हैं। पिता भावनात्मक सुरक्षा और अपनापन मिलने की वजह से बेटों की तुलना में बेटियों से ज्यादा जुड़ते हैं, अधिक सहज महसूस करते हैं। बेटियों के चेहरे के हाव-भाव और आवाज के उतार-चढ़ाव को बेहतर तरीके से समझते हैं और अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं। ऐसे में बेटियों को चाहिए कि वे अपने पिता को भरपूर समय और स्नेह दें। इससे पिता का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दरअसल, हम सभी का एक इमोशनल कंफर्ट जोन होता है और वो जिंदगी की हर स्टेज में महत्वपूर्ण रोल निभाता है। बेटी और पिता में यह बहुत मजबूत संबंध होता है, जो उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता रहता है। बस जरूरी है, बेटी को हर स्थिति में अपने पिता से जुड़े रहना। बेटी चाहे दूर हो या पास, पिता का ख्याल रखने, उनकी जरूरतों को पूरा करने का भरसक प्रयत्न करते रहना चाहिए।

**हॉबी से जोड़ें:** पापा के अकेलेपन को दूर करने के लिए गौर करें कि अगर पिता को गार्डनिंग, पेंटिंग, रीडिंग का शौक है तो आपको उन्हें अपनी हॉबी को पूरा करने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। इसके लिए उन्हें उनकी रुचि की नई किताबें भेंट दे सकती हैं ताकि वे बोरियत महसूस न करें। या फिर किसी खास दिन पर पिता को सरप्राइजिंग गिफ्ट भी दे सकती हैं। निश्चय ही इससे उन्हें असीम खुशी का एहसास होगा।

(ब्रिटिश यूनि. बहरीन में साइकोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. कोमल चावला से बातचीत पर आधारित)

## खबर संक्षेप

### सीएम विंडो पर दी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज

**खरखौदा।** एक महिला ने सीएम विंडो पर शिकायत देते उसे वह प्लाट बेच देने का आरोप लगाया है, जिस पर पहले से ही लोन लिया था। महिला का कहना है कि आरोपित ने उसे कई बार बैंक में पैसे भर देने की भी बात कही, लेकिन ऐसा किया नहीं। वहीं पुलिस ने भी कार्रवाई करने के नाम पर उसके प्लाट की रजिस्ट्री अपने पास रख ली। सीएम विंडो पर दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला राजबाला का कहना है कि उसने 2017 में जय कुमार से 809 वर्ग गज का एक प्लाट साढ़े 35 लाख रुपये में खरीदा था, कुछ दिन बाद ही उस पर एसबीआई बैंक की तरफ से नोटिस चस्पा कर दिया गया था।

### सिद्ध पीठ सतकुंभा तीर्थ धाम पर धार्मिक आयोजन कल

**गन्नौर।** सतकुंभा तीर्थ धाम के पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज ने बताया कि 11 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर सिद्ध पीठ सतकुंभा तीर्थ धाम पर धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस दिन संत सत्यवान स्वरूप महाराज द्वारा की जा रही 41 दिवसीय हठयोग साधना की पूर्ण आहुति होगी। उन्होंने इस साधना के अंतर्गत पांच धुने प्रज्वलित कर तपस्या की है, जो योग, संयम और आत्मबल का एक जीवंत उदाहरण है। तीर्थ सत कुंभा के प्रबंधक सूरज शास्त्री ने बताया कि वट पूर्णिमा 'येष्ठ के महीने में शुभ दिन है। श्रद्धालु पवित्र जल में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इस अवसर पर संत-महात्माओं, योग साधकों और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की सेवा की व्यवस्था की गई है।

### साप्ताहिक शिविर में 34 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को शहर में भगवान परशुराम चौक में सम्पन्न भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में 34 लोगों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में रोटरी रक्त केंद्र सोनीपत की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। शिविर के मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति गोहाना के अध्यक्ष पंकज जैन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में योग शिक्षक सुरेश पांचाल ने शिरकत की। अध्यक्षता भागराम ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की और संयोजन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में चाचा-भतीजा आर्मी से रवि मेहरा और अनिल मेहरा, नियमित रक्तदाताओं में हरेंद्र कुमार, सुनील, मोहित, नंदलाल, गोपाल मलिक, सतीश, नरेंद्र ने रक्तदान किया।

### जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज ने जीता सांत्वना पुरस्कार

**सोनीपत।** नेशनल लेवल यूथ एन्वायरन्मेंटल रिसाईक्लिंग कंपीटिशन में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने सांत्वना पुरस्कार जीता है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। कंपीटिशन की संयोजक प्राध्यापिका रूचिका ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मैटिरियल रिसाईक्लिंग एसो ऑफ इंडिया ने राजकीय महिला कालेज फरीदाबाद के सहयोग से नेशनल लेवल यूथ रिसाईक्लिंग कंपीटिशन का आयोजन करवाया।

### चिकित्सकों की चेतावनी, लू और हीट स्ट्रोक से बचें, घर से बाहर निकलने में बरतें सावधानी

# आसमान से बरस रही आग, 43 डिग्री तापमान में बेहाल लोग, दिनभर चली गर्म लू, पंद्रह तक नहीं मिलेगी राहत

### दिनभर 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म और शुष्क लू चलती रही

बढ़ती गर्मी की वजह से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया, बाजारों में ग्राहक कम दिखे और अधिकतर लोग घरों में ही रहने को विवश हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। गर्मी की वजह से दोपहर बाद सुनसान दिखाई देता सुभाष चौक और एटलस रोड। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। सोमवार को जिले में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक तापमान है। दिनभर 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म और शुष्क लू चलती रही, जिसने लोगों को झुलसा कर रख दिया। झुलसा देने वाली गर्मी और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 15 जून तक इस भीषण गर्मी से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है। सोमवार को सूरज सिर पर चढ़ते ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए। दोपहर होते-होते तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया और लू की तीव्रता ने लोगों को बेहाल कर दिया। तापमान में बढ़ोतरी का आलम इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले का न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री दर्ज किया गया है। बढ़ती गर्मी की वजह से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया, बाजारों में ग्राहक कम दिखे और अधिकतर लोग घरों में ही रहने को विवश हो गए। विशेष रूप से मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, सफाई कर्मचारी और किसान वर्ग को इस तापमान में काम करना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। महिलाएं और बुजुर्ग भी गर्मी के कारण परेशान हैं। मौसम विभाग का अलर्ट, और चढ़ेगा पारा कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 13 जून तक हरियाणा में मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा। इस अवधि में उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी हवाएं चलेंगी जो अत्यंत गर्म और शुष्क होंगी। इससे दिन के तापमान में और वृद्धि होगी। इसके साथ ही धूलभरी हवाएं और हल्के बादल भी बीच-बीच में देखने को मिल सकते हैं। हालांकि 14 जून को हवाओं की दिशा में बदलाव आ सकता है। हवाएं उत्तर-पूर्वी दिशा से चलेंगी, जिससे वातावरण में थोड़ी नमी आएगी और कुछ क्षेत्रों में आंशिक बादल छाने की संभावना है, लेकिन इससे राहत मिलने की उम्मीद फिलहाल नहीं जताई गई है। चिकित्सकों की चेतावनी, लापरवाही न बरतें : स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस गर्मी में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। नागरिक अस्पताल सोनीपत की फिजिशियन डॉ. सीमा ने बताया कि इस तापमान में लू लगना, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष ध्यान रखना चाहिए। बाहर निकलते समय सिर को ढंकें, छाता या टोपी का प्रयोग करें और हल्के, सूती कपड़े पहनें। उन्होंने यह भी कहा कि दिन में 3-4 लीटर तक पानी या तरल पदार्थ पीना जरूरी है। तेज धूप में काम कर रहे मजदूरों, सफाईकर्मियों और किसानों को हर एक घंटे में थोड़ी देर छांव में विश्राम करने की सलाह दी गई है। वहीं कृषि विभाग की ओर से किसानों को सलाह दी गई है कि इस गर्मी में फसलों की सिंचाई सुबह या शाम के समय करें। खेत में काम करते समय सिर और बदन को ढंककर रखें और पशुओं को छायादार स्थानों में रखें। साथ ही उन्हें पर्याप्त मात्रा में साफ पानी उपलब्ध कराएं।

#### बढ़ी ठंडे पेयों की मांग

गर्मी से बचने के लिए लोग शिकंजी, नींबू पानी, छाछ और जलजीरा जैसे देसी उपाय अपना रहे हैं। शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और बस स्टैंडों पर इन पेयों की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है। आइसक्रीम और कुल्फी की बिक्री भी बढ़ी है। कई घरों में गीले परदे और पानी के छिड़काव से कमरे ठंडे करने की कोशिश की जा रही है।



#### बिजली के लग रहे कट, लोग परेशान

**गन्नौर।** उमस भरी गर्मी के बीच अब बिजली के अघोषित कटों ने लोगों को परेशान करके रख दिया है। पिछले कुछ दिनों से शहर में बिजली के लंबे अघोषित कट लग रहे हैं। सोमवार को भी दिन भर लंबे बिजली कट लगने का सिलसिला जारी रहा। बिजली संकट के कारण लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। फाल्ट होने की वजह से कट बढ़ रहे हैं। सोमवार की रात 8 बजे से रात 11:30 बजे तक बिजली कट से संबंधित कई शिकायतें दर्ज हुई। उमस बढ़ने से खपत बढ़ी: उमस बढ़ने के साथ शहर में बिजली की खपत और बढ़ रही है। जिसके चलते बिजली के अघोषित कट और कम वोल्टेज की समस्या ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। जिस वजह से कई जगहों पर फाल्ट हो गए। उन्हें ठीक कर जैसे ही बिजली सप्लाई शुरू की गई तो कुछ देर बाद फिर दूसरी जगहों पर फाल्ट हो जाता है। कई जगहों पर ट्रांसफार्मर पर ओवरलोडिंग के चलते हर रोज वोल्टेज कम हो जाने की समस्याएं सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि अघोषित कट व ओवलोडिंग की समस्या बढ़ने से वह परेशान हैं। शहरी बिजली कार्यालय के एसडीओ अभिषेक कौशिक ने बताया कि लोड बढ़ने की वजह से परेशानी समस्याएं आ रही हैं। जिन जगहों पर बिजली की शिकायतों का समाधान किया जाता है वहां कट लगाने पड़ते हैं। वहीं कई जगहों पर बिजली की नई तारें बिछाई जा रही हैं, जिससे वहां बिजली काटनी पड़ती है। बिजली व्यवस्था में जल्द ही और सुधार होगा।

## सोमबीर बने पांचाल समाज सेवा संघ खरखौदा के सर्वसम्मति से प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। पदाधिकारियों का स्वागत करते पांचाल समाज के व्यक्ति।

सोमबीर पांचाल को पांचाल समाज सेवा संघ, खरखौदा द्वारा सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। बैठक में संगठन के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष अतर सिंह पांचाल, सुबे सिंह पांचाल सिंह,रामकुमार पांचाल, सुनील पांचाल, जगबीर पांचाल, राजेंद्र पांचाल, कर्मवीर, श्रीभगवान , राजकुमार पांचाल, राकेश पांचाल, राजेश पांचाल, संदीप पांचाल, संगीत पांचाल नकलोई ,सुनील पांचाल , सतवीर जसराना व समाज के गणमान्य लोगों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया है। साथ ही रामकुमार पांचाल को सभापति ,सुभाष पांचाल सैदपुर को उपसभापति,अशोक पांचाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों ने समाज के लोगों को विश्वास दिलाया कि वह समाज के हित में कार्य करके पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगे।

## गन्नौरः भारतीय किसान यूनियन अंबावत ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### खाद-बीज वितरण के समय जबरदस्ती कीटनाशक दवाएं थोपने पर आपत्ति जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। एसडीएम प्रवेश कादियान को ज्ञापन सौंपते यूनियन के पदाधिकारी।

भारतीय किसान यूनियन अम्बावत की बैठक सोमवार को जाट धर्मशाला गन्नौर में ब्लाक प्रधान बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष जयभगवान, ओमप्रकाश, जगबीर, रणधीर, विनोद, राज, जीत मास्टर व रामदिया सहित अन्य किसान नेता शामिल रहे। बैठक के बाद यूनियन ने एसडीएम प्रवेश कादियान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में खाद-बीज वितरण के समय जबरदस्ती कीटनाशक दवाएं थोपने पर आपत्ति जताई गई। गांव लल्हेड़ी में दूषित पेयजल सप्लाई की समस्या का समाधान करने, गांव भिगान में टोल बचाने के कारण अंदर से निकलने वाले वाहनों पर प्रतिबंध लगाने और सड़क पर ब्रेकर बनाने की मांग की गई। इसके अलावा अगवानपुर रोड पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाने, गांव पुगथला में टूटा नाला दोबारा बनवाने और जिले की बंद कालोनियों में जमीन की रजिस्ट्री बहाल करने की मांगें रखी गईं। एसडीएम ने यूनियन की जायज मांगो को पूरा करवाने का आश्वासन दिया।



गन्नौर। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते जजपा हलका अध्यक्ष सियानंद त्यागी।

#### पांच हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

**गन्नौर।** जजपा हलका अध्यक्ष सियानंद त्यागी ने सोमवार को खुबड़ु, अटायल, नयाबांस व खेड़ी गुज्जर गांव में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सियानंद त्यागी ने बताया कि पार्टी द्वारा 15 जून से 31 जुलाई तक प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। पार्टी ने सदस्यता अभियान के तहत हर हलके में पांच हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पार्टी छोड़ने वाले काफी नेता आज वापस जेजेपी के साथ जुड़ने को तैयार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करी कि वह फील्ड में उतरकर संगठन को मजबूत करें और साथ ही आमजन की समस्याओं को उठा कर उनका समाधान करवाएं। जेजेपी सदस्यता अभियान के तहत बूथ स्तर पर नए सदस्यों के साथ महिला सदस्य बनाने पर पूरा जोर देगी। इस मौके पर सुधीर धनखड़, जगबीर, ईश्वर सिंह, रामकुमार, उदय सिंह, राजू व ओमप्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्याय के लिए लड़ने वाले नायक थे बिरसा मुंडा : साहब सिंह पटवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

■ बिरसा मुंडा के 125वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह का किया आयोजन

गांव सिरसाढ़ स्थित भगवान विश्वकर्मा भवन में सोमवार को बिरसा मुंडा के 125वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित हुआ जिसमें नागरिकों ने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। अध्यक्षता मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य अतिथि विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साहब सिंह पटवा ने कहा कि बिरसा मुंडा देश की स्वतंत्रता और न्याय के लिए लड़ाई लडन्ने वाले आदिवासी नायक थे। उनके शौर्य और पराक्रम की बदौलत उनको झारखंड समेत पूरे देश में भगवान का दर्जा दिया जाता है। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लागू की गई जिम्मेदारी प्रथा, धर्मांतरण और जनजातियों के पारंपरिक जीवन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया। आजाद सिंह दांगी ने कहा कि बिरसा मुंडा को मुख्य रूप से जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान (बड़ा विद्रोह) आंदोलन के नेतृत्व के लिए जाना जाता है। संघर्ष करते-करते 9 जून 1900 को रांची जेल में उनकी मौत हो गई।

#### ये रहे मौजूद

समारोह में जयपाल पटवा, रमेश पांचाल, राकेश पांचाल, महेंद्र सिंह, मुख्तार सिंह दांगी, उम्मेद पांचाल, संतराम पांचाल व रामनिवास पांचाल विशेष रूप से मौजूद रहे।



सोनीपत। प्रेस वार्ता के दौरान अपनी बात रखते देवेन्द्र गौतम एवं अन्य।

#### 16 जून को धरना देंगे : देवेन्द्र

**सोनीपत।** पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सोमवार को एडवोकेट देवेन्द्र गौतम ने पत्रकारवार्ता करते नागरिक अस्पताल में मरीजों को हो रही परेशानियों पर रोष प्रकट किया। देवेन्द्र गौतम ने कहा कि नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए जरूरी है कि आवश्यक बदलाव किए जाए। चंद दिनों पहले टब में डूबने से हुई बच्ची की मौत के मामले का उदाहरण देते कहा कि अगर उस गरीब परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो जाती तो वो एक साल की मासूम जोकि अब इस दुनिया में नही है, शायद अपने परिवार के साथ खेल-कूद रही होती। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनीपत नागरिक अस्पताल में पिछले लम्बे समय से डॉक्टरों के तबादला नहीं हैं। ऐसे डॉक्टरों का सरकार को तुरन्त प्रभाव से तबादला करना चाहिए, ताकि सोनीपत नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो सके। कहा कि भाजपा, कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों व विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा और सोनीपत में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने की मांग की जाएगी। आगामी 16 जून को सोनीपत नागरिक अस्पताल में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा।



खरखौदा। युवाओं को इनेलो में शामिल कराते पार्टी नेता अनुप दहिया।

#### कइयों ने थामा इनेलो का दामन

**खरखौदा।** द्रोणाचार्य अवार्डी एवं इनेलो के लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अनुप दहिया ने सिसाना स्थित अपने आवास पर युवकों को इण्डियन नेशनल लोकदल पार्टी का पटका पहनाया और पार्टी का सदस्य बनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व पुलिस अधीक्षक रहे अनूप सिंह ने बताया की आज जनता का अन्य पर्टियों से विश्वास उठ चुका है जनता केवल अभय सिंह चौटाला को अपने नेता के रूप में देखना चाहती है। जनता कांग्रेस और भाजपा के झूठे जुमलों से बहुत परेशान है और सत्य की हमेशा जीत होती है। आज प्रदेश की जनता यह मानती है कि अभय सिंह चौटाला ही सत्य है जो 36 बिरादरी के हित की बात करते हैं। व्यापारी किसान खिलाड़ी युवा महिला बुजुर्गों सहित प्रत्येक वर्ग के लोगों के हित की लड़ाई केवल अभय सिंह चौटाला लड़ रहे हैं। इस अवसर पर रणबीर सिंह, यशपाल दहिया, श्रीपाल, एडवोकेट विकास सेठी, अजमेर, कृष्ण पहलवान इंस्पेक्टर (से. नि), पप्पू पहलवान गढ़ी, जयभगवान आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** हरियाणा सरकार का लक्ष्य एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना

## प्राकृतिक खेती अपनाओ-जीवन, पृथ्वी, जल और वातावरण को बचाओः डॉ परमिंदर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। जानकारी देते वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर सिंह।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र जगदीशपुर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नौ गांवों में कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है, जिसमें सोनीपत जिले में 10,000 एकड़ में खेती की जाएगी। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को देसी गाय रखने पर 30,000, ड्रम के लिए 3,000 और मार्केटिंग हेतु 20,000 की सहायता दी जाएगी। धान के खेत में बागवानी करने पर 51,500 प्रति एकड़ तथा सब्जी उत्पादन पर 15,000 प्रति एकड़ का अनुदान मिलेगा। बांस स्केटिंग के लिए 31,250 और लोहे की स्केटिंग पर 70,000 तक की सहायता प्रदान की जाएगी। गन्नौर क्षेत्र में प्रति स्कीम 5,000 अतिरिक्त अनुदान मिलेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के डॉ. के.के. गंगोपाध्याय ने सब्जी उत्पादन की उन्नत तकनीकें, प्लास्टिक मल्च, ड्रिप सिंचाई तथा बीजोपचार के बारे में जानकारी दी। डॉ. श्रुति सेठी ने फसल कटाई के बाद भंडारण व प्रसंस्करण तकनीकें बताईं। डॉ. नीतू ने कीटनाशकों के सुरक्षित प्रयोग पर बल दिया। डॉ. प्रनिता जायसवाल ने जैव उर्वरकों, अजोला और पराली खाद पर जानकारी दी। कृषि विकास अधिकारी विनायकांत ने "मेरी फसल-मेरा ब्यौरा", "मेरा पानी-मेरी विरासत" जैसी योजनाओं की जानकारी दी। राजपुर, कामी और भुर्री गांवों से 420 किसान व 25 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल हुई।

### तुर्कपुर में दूषित पानी की निकासी न होने व कूड़े के ढेर लगने से ग्रामवासी परेशान

**खरखौदा।** तुर्कपुर में गंदे पानी की निकासी न होने व कूड़े के ढेर लगने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। पानी निकासी व गंदगी के कारण बारिश के दिनों में काफी परेशानी हो सकती है। ग्रामीण लक्ष्मण, नीरज व अन्य ने बताया कि गांव के लोग घरों की गंदगी गांव की फिरनी पर डाल देते हैं। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**सूचना**

मैं, अजमेर मलिक पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी हाउस नं. 206, गांव बोआना लाखु जिला पानीपत हरियाणा-132107 बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड व मेरे पैन कार्ड में मेरा नाम अजमेर मलिक लिखा हुआ है। जोकि गलत है। मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम मोहित लिखा हुआ है। जोकि सही है। मैं अपने आधार कार्ड व पैन कार्ड में अपना नाम अजमेर मलिक की जगह मोहित करवाना चाहता हूं। जोकि सही व दुरूस्त है।

## खबर संक्षेप



### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते 2 स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** रोहतक में 4 जून से 7 जून तक चौथी जूनियर हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने 2 स्वर्ण पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 500 से अधिक बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सर फ़लक ने 48 किलो भारवर्ग में खेलते हुए अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में रोहतक जिले के धीरज कुमार को हराया।

### महिला से मारपीट, मंच ने उठाई न्याय की मांग



सोनीपत। बड़वासनी न्यू फ्लावर के नीचे एक यूटूबर के साथ मारपीट के मामले में दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंच ने न्याय की गुहार लगाई है। दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंच के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट राजीव वर्मा ने अपने कार्यालय पर पत्रकारवार्ता में कहा कि पुलिस ने चालान के नाम पर पूरे शहर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

## ई-उपचार सॉफ्टवेयर में आई तकनीकी खराबी

# नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटरों पर लगी लंबी कतारें

- गर्भवती रजिस्ट्रेशन काउंटर पर महिलाएं नबर का करती रही इंतजार, करीब एक घंटे तक लाइनों में खड़े रहे मरीज
- मरीजों की परेशानी देखते हुए कर्मचारियों ने हाथों से बनाई पर्चियां, प्रबंधन ने चंडीगढ़ बात कर दूर करवाई खामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में सोमवार को ई-उपचार सॉफ्टवेयर करीब एक घंटे तक बंद रहने के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सॉफ्टवेयर बंद होने से पंजीकरण काउंटर, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, रक्त जांच लैब, कंप्यूटर सिस्टम और रिपोर्ट वितरण का काम पूरी तरह ठप हो गया। रजिस्ट्रेशन काउंटर के सामने सैकड़ों मरीज लंबी लाइन में खड़े रहे है। तकनीकी खराबी ठीक होने के बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। प्रबंधन ने मरीजों की समस्या को देखते हुए चंडीगढ़ फोन पर बातचीत कर समस्या का हल करवाया।

बता दें कि शनिवार, रविवार को दो दिन सरकारी छुट्टी होने के चलते सोमवार को अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइनें देखने को मिली। दिन भर में करीब 2200 मरीजों का रजिस्ट्रेशन अस्पताल में हुआ। अस्पताल में आने वाले मरीजों में खांसी, जुकाम, बुखार और हड्डी रोग के मरीजों की संख्या भी काफी रहती है। गर्मी के मौसम के चलते मरीजों को रजिस्ट्रेशन काउंटर व गर्भवती महिलाओं, रिपोर्ट लेने वाले मरीज व उनके परिजनों को करीब एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। मामला संज्ञान में आने पर प्रबंधन ने चण्डीगढ़ उच्च अधिकारियों से बातचीत की। उसके बाद ई-उपचार सॉफ्टवेयर चालू हो पाया। ई-उपचार सॉफ्टवेयर चालू होने पर अस्पताल कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।



**सोनीपत।** रजिस्ट्रेशन काउंटर व गर्भवती काउंटर के बाहर लगी मरीजों की लाइन। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बंद साफ्टवेयर। फोटो : हरिभूमि

### फ्लू ओपीडी में नहीं आ रहे मरीज चिकित्सक दे रहे ड्यूटी



**सोनीपत।** फ्लू ओपीडी में मरीजों के इंतजार में बैठा चिकित्सक।

अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कमरा नंबर 44 में फ्लू ओपीडी स्थापित किया गया है, लेकिन अभी तक एक भी मरीज फ्लू ओपीडी में नहीं पहुंचा हैं। अस्पताल प्रबंधक का कहना है कि एक-दो दिन में फ्लू वार्ड में कंप्यूटर सिस्टम और अन्य व्यवस्था कर दी जाएगी, उसके बाद मरीजों को यह सुविधा मिल पाएगी। हालांकि ओपीडी नंबर-7 में तैनात चिकित्सकों के पास हाल के दिनों में मरीजों की संख्या ज्यादा रहती है। वहीं फ्लू ओपीडी में दिन भर चिकित्सक खाली बैठने पर मजबूर रहते है।

**उच्च अधिकारियों को करवाया अवगत, सॉफ्टवेयर किया चालू**

ई-उपचार सॉफ्टवेयर में चंडीगढ़ से कोई तकनीकी खामी आ गई थी। सोमवार को अस्पताल में मरीजों की संख्या ज्यादा थी। मामला संज्ञान में आने पर उसी दौरान उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया। उसके बाद सॉफ्टवेयर चालू हो गया। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रयासरत है। मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव कदम प्रबंधन की तरफ से उठाए जा रहे है।

-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल।

## मार्केट न्यूज

### मेधावी छात्र सम्मान 2025 का भव्य आयोजन



**सोनीपत।** आज मुरथल रोड स्थित जी वी एम गर्ल्स कॉलेज में कमल नयन फाउंडेशन व राष्ट्रीय छात्र परिषद के संयुक्त तत्वाधान में सत्र 2024-25 में सोनीपत जिले के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। इसके पश्चात संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी गई। इस आयोजन में भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली जी, सोनीपत विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंदर भारतीय, रिटायर डी आई जी सुमन मंजरी, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, पुरन मल गौड़ जी व भारत भूषण गुप्ता जी आदि मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सोनीपत शहर के सभी गैर सरकारी व सरकारी विद्यालयों के मेधावी छात्रों को बोर्ड परीक्षा में विद्यालय व सोनीपत का नाम ऊंचा करने के लिए सम्मानित किया गया। कमल नयन फाउंडेशन द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहता है। इस अवसर पर कलिंगा व आईसेक्ट विश्वविद्यालयों, आकाश संस्थान, एस जी आई कॉलेज, पारस सी ए, हरट्रोन, ग्रीन वैली, एडमिशन वाला, आदि संस्थानों के डायरेक्टरों ने उपस्थित बच्चों व उनके माता पिता का विभिन्न विषयो पर मार्ग दर्शन किया।

### श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ की बैठक में नए पदाधिकारी शामिल



**गन्नौर।** श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ की बैठक खेड़ी गुज्जर गांव में जिलाध्यक्ष सुशील धानिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला वरिष्ठ महामंत्री रवि भारतीय ने नए सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिए। जिलाध्यक्ष सुशील धानिया ने बताया कि गुरू रविदास विश्व महापीठ के राष्टीय अध्यक्ष एडवोकेट हितेन्द्र चौधरी के आदेश पर शामिल किया गया है। बैठक में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## कार्यकारी अभियंता को 30 तक का अल्टीमेटम

- हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की सामूहिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की एक सामूहिक बैठक हुडा यूनियन कार्यालय सेक्टर 15 सोनीपत में सुबह आयोजित की गई। जिसमें हुडा यूनियन तथा कौशल रोजगार निगम और मंच के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभा की अध्यक्षता मीना सैनी जिला प्रधान सोनीपत में की और संचालन ध्रुव कुमार जिला कैशियर ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में सभा को संबोधित करते हुए मंच के प्रदेश महासचिव तथा हुडा यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अपने पत्र द्वारा ऑल हेड ऑफ डिपार्टमेंट को पत्र जारी करके पूर्व पत्रों द्वारा मांगी गई रजिस्ट्रेशन व बायोडाटा रिपोर्ट 15 दिन के अंदर कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर डालने के आदेश दिए हुए हैं। सोनीपत एचएसवीपी के दोनों डिवीजन से आज तक ऐसी कोई रिपोर्ट कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर नहीं भेजी गई है, जबकि सोनीपत से 84 कच्चे कर्मचारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत एचएसवीपी में सेवारत हैं। इसलिए आज इमरजेंसी मीटिंग बुलानी पड़ी और कार्यकारी अभियंता सोनीपत को 30 जून तक कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन और बायोडाटा रोजगार निगम के पोर्टल पर डालने का अलटिमैटम दिया है। सभा में सुरेश रोहिल्ला, विजेंद्र रेवाल, महावीर सिंह नागर, टीनू मदान, समेश कुमार, सुरेंद्र रंगा, जोगेंद्र सिंह, महेंद्र शर्मा, समय सिंह, विनोद कुमार, योगेश नागर आदि ने हिस्सा लिया।



**सोनीपत।** आमसभा के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

## जीटी रोड पर रिक्शा वालों से परेशान वाहन चालक

- सर्विस लेन पर बनी रहती है जाम जैसी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जीटी रोड चौक पर फ्लाई ओवर के नीचे चौक पर दिल्ली- पानीपत , पानीपत दिल्ली की सर्विस लेन पर ऑटो व ई-रिक्शा चालकों द्वारा जाम लगाए जाने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों का कहना कि ये हालात तब है जब चंद कदम की दूरी पर ही पुलिस चौकी है। इससे आटो चालकों व ई रिक्शा चालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है। सर्विस लेन पर आटो व ई रिक्शा खड़ी करनी बंद होने के बाद लोगों की भी आवाजाही आसान होगी। साथ ही दोनो तरफ से सर्विस लाइन पर आने वाले बड़े वाहन चालकों को खुला रास्ता मिलेगा। सुबह और शाम के समय कई बार जाम जैसे हालात से निकलना पड़ता है। इसका बड़ा कारण सर्विस लेन पर वाहनों के खड़ा होने के चलते ऑटो व ई-रिक्शा के जीटी रोड की मुख्य सड़क पर चलना है। सर्विस लेन पर वाहनों के पार्किंग और दुकानदार भी अपनी दुकानों के आगे रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण किए हुए है। शहरवासियों ने एसीपी व थाना प्रभारी से मांग की है कि जी टी रोड चौक सबसे व्यस्त चौक है। इसलिए दोनो तरफ की सर्विस लेन व फ़लाई ओवर के नीचे आवागमन के रास्ते से अतिक्रमण हटवाया जाए ताकि वाहन चालक परेशान न हो।




**गन्नौर।** पानीपत- दिल्ली सर्विस लेन पर खड़े आटो व ई रिक्शा जो परेशानी का कारण बनते है। फोटो : हरिभूमि

### सरपंचों ने विकास के लिए की ग्रांट दिलाने की मांग

**गोहाना।** सोमवार को मुंडलाना खंड के अंतर्गत आने वाली पंचायतों के सरपंच बीडीपीओ कार्यालय में एकत्रित हुए। सरपंचों ने समस्याओं से अवगत कराने के लिए भाजपा के गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान को आमंत्रित किया। सरपंचों ने गांवों में विकासकार्य कराने के लिए सरकार से ग्रांट दिलाने की मांग की और इस संबंध में ज्ञापन दिया। मुंडलाना खंड की सरपंच एसोसिएशन के प्रतिनिधि सतपाल सांगवान ने कहा कि कई गांवों में विकासकार्य करवाने के लिए ग्रांट की जरूरत है। जिन पंचायतों की खुद की आय नहीं है वहां पर विकासकार्य प्रभावित हो रहे हैं। गांव में गलियां बनाने, निकासी की व्यवस्था कराने और दूसरे विकासकार्य कराने के लिए सरकार से ग्रांट दिलाने की मांग की। जिला अध्यक्ष मलिक और पूर्व प्रत्याशी सांगवान ने सरपंचों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग को पूरा कराया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल, डा.. राममेहर राठी, सरपंच राजू, जस्सा, भीम, रामनिवास व सत्यवान मौजूद रहे।



## खेल

### बाल भारती स्कूल की कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# कराटे फाइट लीग में 2 स्वर्ण सहित 8 पदक किए हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हिमाचल प्रदेश के सोलन में सम्पन्न राष्ट्रीय कराटे फाइट लीग में शहर में बरोदा रोड पर स्थित बाल भारती स्कूल की कराटे अकादमी के खिलाडिय़ों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाडिय़ों ने 2 स्वर्ण पदक सहित कुल छह पदक हासिल किए। सोमवार को बाल भारती स्कूल के निदेशक हरि प्रकाश गौड़ व प्राचार्या सुमन कौशिक ने पदक विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित किया।

कराटे लीग प्रतियोगिता 6 से 8 जून तक लैंग्वेज एंड कल्चर डिपार्टमेंट ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न भारवर्ग में हिमांशु और दीपांशु देसवाल ने स्वर्ण पदक, भाविका, हर्ष मान और हर्षित ने रजत पदक और मयंक, यश व अवनी ने कांस्य पदक जीता। खिलाडिय़ों ने इस प्रतियोगिता में कराटे कोच व हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के सहसचिव व जिला सोनीपत कराटे संघ के महासचिव अनिल भारद्वाज के मार्गदर्शन में भाग लिया। प्रतियोगिता में हिमांशु ने वरिष्ठ वर्ग में सुपर स्वर्ण पदक हासिल किया।




**गोहाना।** पदक विजेता खिलाड़ी अपने कोच के साथ। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा स्टेट वुशु चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप सिंह मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरखौदा के खिलाड़ियों ने हरियाणा स्टेट वुशु चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिता 6 से 8 जून तक अंबाला में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में वैभव (75 किग्रा) व धीरज (85 किग्रा) ने स्वर्ण पदक, दीपक (56 किग्रा), दीपांशु (90 किग्रा) व इशा (56 किग्रा) ने रजत पदक तथा वंश (60 किग्रा), आशीष (65 किग्रा) व ज्योति (45 किग्रा) ने कांस्य पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रांगण में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, विद्यालय के संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा वुशु कोच विनोद गुलिया ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



**खरखौदा।** खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन

## न्यूज डायरी




**सोनीपत।** साउथ पॉइंट ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा के साथ पदक दिखाते खिलाड़ी।

### ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में जीते तीन गोल्ड

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल के खिलाड़ियों ने 43वीं जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। स्कूल पहुंचने पर साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने पदक विजेताओं का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने बताया कि खेलों से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता है, इसलिए सभी विद्यार्थियों को अपनी पसंद के अनुसार किसी न किसी खेल में प्रतिभागिता करनी चाहिए। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि 43वीं जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन शहर के लिटल एंजल्स स्कूल में 01 जून से 06 जून तक किया गया था। जिसमें साउथ पॉइंट स्कूल से सातवीं मेरीगोल्ड कक्षा से हार्दिक ने अंडर 13 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक, चौथी मेरीगोल्ड कक्षा से अंडर-11 आयु वर्ग में आशी ने गोल्ड मेडल और आठवीं रोज कक्षा से अंश वत्स ने अंडर-15 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते। स्वर्ण पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्कूल में जोरदार स्वागत किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने पदक विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।



**सोनीपत।** शिविर में उपस्थित आर्य वीर। फोटो : हरिभूमि

### चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**सोनीपत।** आर्य वीर दल सोनीपत मण्डल के तत्वावधान में ग्राम बड़वासनी स्थित स्वामी श्रद्धानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सात दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का रविवार को विधिवत समापन हुआ। इस शिविर का संचालन महर्षि दयानंद सरस्वती स्मृति भवन, जोधपुर से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य वरुणदेव के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में बच्चों और युवाओं को वैदिक धर्म, योग, आत्मरक्षा, व्यक्तित्व विकास तथा अनुशासित जीवनशैली का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्वामी आनंद स्वरूप (नरेला) ने बौद्धिक सत्रों के माध्यम से ईश्वर, धर्म और संस्कृति का सच्चा स्वरूप उजागर किया।

समापन अवसर पर ग्राम तिहाड़ के सरपंच सुमेर मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्राचार्य मेहर सिंह (छोटूराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतनगढ़) और अशोक खत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर आर्य केन्द्रीय सभा की प्रधान आचार्या दीक्षा, आर्य वीर दल के संरक्षक महात्मा वेद मुनि, निदेशक चरण दास और अन्य गणमान्यजन भी मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत स्वामी आनंद स्वरूप के ब्रह्मत्व में यज्ञ से हुई। मंच संचालन आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के वेद प्रचार अधिष्ठाता रमेश आर्य ने किया।



**गोहाना।** शिविर की तैयारी को लेकर बैठक में विचारविमर्श करते हुए समिति के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

### पतंजलि योग समिति का पांच दिवसीय शिविर कल

**गोहाना।** पतंजलि योग समिति द्वारा 11 जून से 15 जून तक पांच दिवसीय योग शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में लोगों को योग के गुर सिखाए जाएंगे। समिति ने सोमवार को यह निर्णय शहर में जींद मार्ग स्थित नगर परिषद पार्क में आयोजित बैठक में लिया। बैठक की अध्यक्षता समिति की गोहाना इकाई के प्रभारी पंकज जैन ने की। प्रभारी पंकज जैन के अनुसार पांच दिवसीय योग शिविर का मुख्य उद्देश्य गोहाना व आसपास के लोगों को योग के प्रति जागरूक करना व स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। योग शिविर में सामान्य योगाभ्यास के साथ-साथ विशेष रूप से बीपी शुगर, थायराइड, कमर दर्द, घुटना दर्द व अन्य रोगों के लिए योगाभ्यास करवाया जाएगा। जैन ने जनसामान्य से अपील की कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ पाएं। योग साधक कृपया अपना योगा मैट अथवा आसन साथ लेकर आएं। बैठक में सुभाष सहरावत, कृष्ण गोपाल बत्रा, सुरेश पांचाल, रविंद्र कानूनगो, अजीत चौहान, हिमांशु जैन, विजय चौहान, डॉ. नरेश मलिक, डॉ. सुरेश सैनी व बलराज रोहिल्ला ने भाग लिया।



**खरखौदा।** उपविजेता नेटबॉल टीम का स्वागत करते पदाधिकारी व अन्य।

### नेटबॉल टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम उपविजेता

**खरखौदा।** हांगकांग में 5 से 8 जून तक आयोजित बुहानिया कप नेटबॉल टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। टीम के लौटने पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। टीम में हरियाणा की तीन बेटियों विधि दहिया, खुशी दहिया और माही कौशिक भी शामिल रही। भारतीय नेटबॉल टीम की कप्तान विधि दहिया ने बताया कि फाइनल में भारतीय टीम दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। जबकि हांगकांग की टीम सिरमौर रही। भारतीय नेटबॉल महासंघ के महासचिव ओम पहलवान, प्रधान विकास शर्मा और भारतीय नेट डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन हरिओम कौशिक ने पदक लेकर आए खिलाड़ियों को बधाई दी।



**सोनीपत।** सांसद सतपाल ब्रह्मचारी को निमंत्रण देते हुए डॉ. सत्यवीर निर्माण साथ में अन्य।

### संत शिरोमणी कबीर साहेब की जयंती का दिया निमंत्रण

**सोनीपत।** संत शिरोमणी कबीर साहेब की जयन्ती 11 जून को गीता भवन मन्दिर सोनीपत में मनाई जा रही है। जिसमें मुख्य अतिथि सिरसा से सांसद कुमारी शैलजा होंगी। इसी कार्यक्रम के लिये सोमवार को धानक कबीर समाज जागृति के पदाधिकारियों द्वारा सोनीपत लोकसभा संसद सतपाल ब्रह्मचारी को आमंत्रित किया गया। कांग्रेस नेता डॉ. सत्यवीर निर्माण व मंच के प्रधान हंसराज ने कबीर साहेब जयन्ती का निमंत्रण दिया। संसद सतपाल बह्मचारी ने आने का अश्वासन दिया। इस अवसर पर मुकेश पन्ना लाल, बिश्नदास, राजेन्द्र सिंह, रिसाल सिंह, कुल खासा, बलराज, प्रशान्त शर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।